पंजाब केसरी (Punjab Kesari)

दिनांक (Dated): 15-01-2025	पृष्ठ सं० (Page No). 02	क्रम सं०(Serial No.) 10

सीआईएसएफ के लिए दो नई बटालियनों को मंजूरी

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) : केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षाबल (सीआईएसएफ) को बड़ा विस्तार देते हुए गृह मंत्रालय (एमएचए) ने दो नई बटालियनों के गठन को मंजूरी दी है। इस निर्णय के साथ हाल ही में स्वीकृत महिला बटालियन भी शामिल होगी, जिससे बलकी क्षमता और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूती मिलेगी। इसके साथ ही 2,000 से अधिक लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। सीआईएसएफ की कुल संख्या अब 2 लाख के करीब पहुंच जाएगी। गृह मंत्रालय की स्वीकृति के तहत प्रत्येक बटालियन में विभिन्न रैंकों के 1,025 कर्मी शामिल होंगे। यह सीआईएसएफ की बटालियनों की कुल संख्या को 13 से बढ़ाकर 15 कर देगा और बल में 2,050 नई पोस्ट जोड़ी जाएंगी। प्रत्येक नई बटालियन का नेतृत्व सीनियर कमांडेंट स्तर के अधिकारी करेंगे। नई बटालिय नें आंतरिक सुरक्षा के लिए बढ़ती मांगों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। यह प्रशिक्षित कर्मियों का एक पूल तैयार करेगी, जो उच्च सुरक्षा वाली जेलों और अन्य प्रतिष्ठानों की सुरक्षा संभालने में सक्षम होंगे।